संख्या- 7 / 26 / 30-3-15-8बी / 2014

प्रेषक,

नर्वेद सिंह,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

परिवहन अनुभाग-3 लखनऊ:दिनॉक 14 जनवरी, 2015

विषय :- सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय, मुजफ्फरनगर के भवन निर्माण हेतु मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर से भूमि के क्रय हेतु वित्तीय वर्ष 2014-15 में आयोजनागत पक्ष में प्रावधानित धनराशि की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-74/2553/30-3-2014-8बी/2014, दिनॉक 09 अक्टूबर, 2014 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय, मुजफ्फरनगर के भवन निर्माण हेतु मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर से भूमि के क्रय करने हेतु आयोजनागत पक्ष में प्रावधानित धनराशि रू0 3,39,59,000/- (रू0 तीन करोड़ उन्तालीस लाख उनसठ हजार मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

2- उल्लेखनीय है कि सचिव विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर के पत्र संख्या-491/मु0वि0प्रा0/2014, दिनॉक 03-09-2014 द्वारा सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय, मुजफ्फरनगर के भवन निर्माण हेतु विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर द्वारा विकसित ट्रांसपोर्ट नगर योजना में आरक्षित 2644.73 वर्गमीटर के भूखण्ड को क्रय करने तथा उसे विभाग के नाम पंजीकृत कराने में आने वाले व्यय का विवरण उपलब्ध कराया गया है, जिसके अनुसार इस हेतु कुल धनराशि रू0 4,88,19,979/- का व्यय होगा।

3- चूँकि उक्त शासनादेश दिनॉक 09 अक्टूबर, 2014 द्वारा सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय, मुजफ्फरनगर के भवन निर्माण हेतु विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर की 2644.73 वर्गमीटर भूमि क्रय करने हेतु धनराशि रू0 3,39,59,000/- (रू0 तीन करोड़ उन्तालीस लाख उनसठ हजार मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है, अत: इस हेतु अन्तर की अवशेष धनराशि रू0 1,48,61,000/- (रू0 एक करोड़ अड़तालीस लाख इकसठ हजार मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय

2/-

http://shasanadesh.up.nic.in

स्वीकृति इस हेतु पूर्व निर्गत शासनादेश संख्या-74/2553/30-3-2014-8बी/2014, दिनॉक 09 अक्टूबर, 2014 में निहित शर्तों व प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं ।

4- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक में परिवहन विभाग की अनुदान संख्या-43 के अन्तर्गत आयोजनागत पक्ष में लेखाशीर्ष-4059-लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-01-कार्यालय भवन-051-निर्माण-03-सम्भागीय/उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय का निर्माण-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त विभाग द्वारा प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,
ह0
(नर्वेद सिंह)
संयुक्त सचिव।

<u>संख्या-7/26(1)/30-3-2015, तद्दिनॉक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त नियंत्रक, परिवहन आयुक्त कार्यालय, लखनऊ।
5- सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), मुजफ्फरनगर।
6- वित्त (लेखा) अनुभाग-1
7- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-9
8- निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यिकीय निदेशालय, लखनऊ।
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
ह0
(नर्वेद सिंह)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in